सेफ ड्रिंकिंग वॉटर क्लीनिक का लोकार्पण किया मुख्यमंत्री ने, 10 हजार लोगों को प्रतिदिन मिल सकेगा आर. ओ. वाला पानी

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री ने आज भिलाई में सेफ ड्रिंकिंग वाटर क्लीनिक का लोकार्पण किया। वाटर क्लीनिक के माध्यम से भिलाई की 10 हजार की आबादी को आर.ओ. युक्त वाटर की सुविधा मिल सकेगी। इस क्लीनिक की क्षमता 25000 लीटर प्रतिदिन की है और प्रत्येक घंटे 5000 लीटर वाटर फिल्टर किया जा सकता है। इसके लिए रिवर्स ऑस्मोसिस टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा। टीडीएस को मेंटेन करने के लिए हाईटेक टेक्नोलॉजी का भी उपयोग होगा। जो व्यर्थ का पानी होगा वह गार्डन में यूज हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल लोगों की बुनियादी आवश्यकता है। इस संबंध में नगरीय क्षेत्रों में सतत इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा रहे हैं और इस दिशा में सेफ ड्रिंकिंग वॉटर क्लीनिक जैसी पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। उल्लेखनीय है कि इसका संचालन भारत सेवाश्रम संघ के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री एवं श्री मोहम्मद अकबर मंत्री परिवहन आवास एवं पर्यावरण एवं विधि एवं विधायी कार्य विभाग , श्री देवेंद्र यादव विधायक भिलाई नगर , महापौर नीरज पाल, सुश्री नीता लोधी अध्यक्ष अंत्यावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम , श्री विजय साहू छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा सदस्य) , श्री गिरवर बंटी साहू सभापति नगर पालिक निगम भिलाई , श्री भूपेंद्र यादव जोन अध्यक्ष , जोन 4 शिवाजी नगर पालिक निगम भिलाई , कलेक्ट श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा, एसडीएम श्री मुकेष रावटे, श्री लोकेश चंद्राकर आयुक्त नगर निगम पालिक निगम भिलाई , और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।